अनेक शब्दों के लिए एक शब्द

अनेक शब्दों के लिए एक शब्द

कुछ शब्द ऐसे होते हैं, जो अनेक शब्दों के स्थान पर प्रयोग किए जा सकते हैं। कम से कम शब्दों में अपनी बात कहना एक कला है। ऐसे शब्दों से भाषा को संक्षिप्त करने में सहायता मिलती है।

वाक्य	एक शब्द
जो आँखों के सामने न हो	परोक्ष
जिसका आकार हो	साकार
जिसको भय न हो	निर्भय
जिसका आकार न हो	निराकार
जिसके पास बहुत धन हो	धनाढ्य
जो भूमि उपजाऊ हो	उर्वरा
जहाँ कोई न जा सके	अगम्य
जो पढ़ा-लिखा न हो	अनपढ़
ईश्वर में विश्वास रखने वाला	आस्तिक
ईश्वर में विश्वास न रखने वाला	नास्तिक
जो दिखाई न दे	अदृश्य:
जिसका कोई शत्रु न हो	अजात शत्रु
जो बिना वेतन के कार्य करे	अवैतनिक
जहाँ अनाथ रहते हों	अनाथालय
प्रतिदिन होने वाला	दैनिक
सप्ताह में एक बार होने वाला	साप्ताहिक
उपकार को मानने वाला	कृतज्ञ
उपकार को न मानने वाला	कृतघ्न
पुस्तक लिखने वाला	लेखक
महीने में एक बार होने वाला	मासिक
प्रतिवर्ष होने वाला	वार्षिक
जिसमें बल न हो	निर्बल
माँस खाने वाला	माँसाहारी
साग-सब्जी खाने वाला	शाकाहारी
जिसका पति मर चुका हो	विधवा
जिसका पति जीवित हो	सधवा
आकाश में घूमने वाला	नभचर
पानी में घूमने वाला	जलचर
जिसका भाग्य खराब हो	अभागा
जो अपनी इच्छा से काम करे	स्वेच्छाचारी